पशुधन अनुसंधान केन्द्र, चांदन (जैसलमेर)

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

डॉ.विष्णु कुमार
प्रभारी अधिकारी

lrschandan.rajuvas@gmail.com
दूरभाष नं 9079255346 (M)

क्रमांक. एफ ( )/पअके/चांदन/2022-23/295 दिनांकः 04.11.2022

खुली निविदा–01

गेहूं के भूसे_की खरीद हेतु निविदा

पशुधन अनुसंधान केन्द्र, चांदन जैसलमेर पर खुली निविदा उपापन पद्धति के अर्न्तगत गेहूं के भूसे (तूड़ी) की खरीद हेतु लिफाफाबन्द निविदांए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पार्टी/फर्म को निविदा के साथ संलग्न निर्धारित प्रपत्र में अपनी दरें भरकर बंद लिफाफे में दिनांक 19.11.2022 को दिन में 12 बजे तक जमा कराना होगा। निविदा उसी दिन दोपहर 12.30 बजे कमेटी द्वारा खोली जावेगी। डाक एवं ई–मेल द्वारा प्रेषित निविदाए मान्य नहीं होगी। निविदा का विवरण एवं शर्ते निम्नानुसार है।

भूसे का प्रकार	वांछित अनुमानित मात्रा	अनुमानित मूल्य	निविदा शुल्क (अदेय)	धरोहर राशि
गेहूं का भूसा	750 क्विंटल	10 लाख रूपये	200/– रूपये	20000/– रूपये

निविदा की अन्य आवश्यक शर्ते एवं नियम

1. केवल जीएसटी नम्बर धारी पार्टी/फर्म ही अपनी दरें देवे। पार्टी को जीएसटी नम्बर आंवटन की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ लगानी होगी।
2. इच्छुक पार्टी द्वारा वित्तिय वर्ष 2021–22 में किसी भी राजकीय उपक्रम को कम से कम 500 क्विंटल गेहूं के भूसे की आपूर्ति किये जाने संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
3. पार्टी को भूसा गोदाम के अन्दर डालना एवं सही तरीके से जमाना होगा भले ही लोडिंग वाहन गोदाम के अन्दर नही जा सकता हो। भूसे को गोदाम के अन्दर सही तरीके से जमाने के लिये पार्टी अपने खर्च पर लोडर का उपयोग करेगी।
4. कोटेशन की जाने वाली दर में मालभाड़ा मय लोडिंग अनलोडिंग इनसाइड गोदाम सम्मिलित होगा।
5. निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि को नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यालय में दिनांक 19.11.2022 को 11.30 बजे तक जमा करवाना होगा। बैंक ड्राफ्ट Livestock Res Stat LRS Chandan के नाम से देय होगा। पार्टी द्वारा निविदा प्रपत्र एवं धरोहर राशि का भुगतान जरिये ऑनलाइन ट्रांसफर/NEFT/RTGS/UPI आदि के माध्यम से किये जाने की स्थिति में केन्द्र के बैंक खाते में निर्धारित समय में राशि जमा होने के पश्चात् ही पार्टी को निविदा के योग्य माना जावेगा। ऑनलाइन संबंधी भुगतान के मामले में किसी भी प्रकार की त्रुटि या देरी के लिए पार्टी स्वयं जिम्मेदार होगी।ऑनलाइन भुगतान हेतु कार्यालय के बैंक खातें का विवरण निम्नानुसार हैः–

   Name of Account Holder – LIVESTOCK RES STAT LRS
   Account no. - 40056897336
   IFSC code – SBIN0031382
   SBI Branch – Chandan, Jaisalmer
6. भूसे की आपूर्ति हेतु आदेश सक्षम अधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार एवं गोदाम की संग्रहण क्षमतानुसार होगा। आदेश प्राप्ति के 5 दिन के भीतर भूसे की आपूर्ति करनी होगी। ऐसा ना होने पर निविदा स्वतः ही निरस्त माना जावेगी तथा पार्टी की धरोहर राशि को जब्त कर लिया जावेगा।

7. भूसे की न्यूनतम दर (L1), कमेटी को बाजार भाव के अनुसार उचित प्रतित नहीं होने की स्थिति में कमेटी द्वारा न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले Bidder से नेगोसिएशन किया जा सकता है। एक से अधिक पार्टीयों की दर न्यूनतम आने की स्थिति में भी नेगोसिएशन किया जायेगा।
8. भूसे की मात्रा को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।
9. बिल के साथ कम्प्युटरिकृत कांटे की परची लगाना अनिवार्य है।
10. सफल निविदादाता को स्वीकृति आदेश जारी करने के उपरान्त रू. 100/– (एक सौ रूपये) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, चांदन (जैसलमेर) के पक्ष में अनुबन्ध भरकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. कोटेशन की जाने वाली दर 31.03.2022 तक मान्य होगी। यद्यपि दोनो पक्ष सहमत हो तो निविदा राशि को 50 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। अर्थात पार्टी से 5 लाख रूपये का अतिरिक्त भुसा क्रय किया जा सकता है।
12. पार्टी/फर्म को माल का भुगतान माल प्राप्ति के बाद प्रस्तुत जीएसटी बिल के अनुसार होगा।
13. सप्लाई किया गया भूसा नया, नमी एवं मिट्टी रहित होना चाहिए। भूसे की गुणवत्ता संतोषप्रद न होने पर पार्टी/फर्म को उसे वापस अपने खर्चे पर ले जाना होगा।
14. प्रभारी अधिकारी पशुधन अनुसंधान केन्द्र चांदन को किसी भी समय बिना किसी कारण निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा ।
15. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायक्षेत्र चांदन जैसलमेर होगा।
16. पार्टी/फर्म की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी।
17. पार्टी भूसे की आपूर्ति केन्द्र व गोदाम के दरवाजो में माल सहित आ सकने वाले वाहन के द्वारा ही करेगी। भूसे के वाहन से संस्थान के दरवाजों या अन्य किसी भी नुकसान की स्थिति में नुकसान की भरपायी पार्टी से वसुली जायेगी।
18. धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
19. निविदा की दर अंको एवं शब्दों में भिन्न होने की स्थिति में न्यूनतम को ही संज्ञान में लिया जायेगा।
20. विशेष परिथिति में निविदा खोलने के दिनांक एवं समय में परिवर्तन संभव है जिसकी सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा दी जावेगी।

प्रभारी अधिकारी